हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 16 नवम्बर, 2026/25, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 26

होली-उतराला सड़क निर्माण

***4779 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) होली-उतराला सड़क निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; इसमें से कितने किलोमीटर सड़क यातायात हेतु तैयार है, कितने किलोमीटर का निर्माण कार्य चल रहा है तथा कितने किलोमीटर की डी0पी0आर0 तैयार की जा रही है; और

(ख) तीसरे चरण की डी0पी0आर0 कब तक तैयार करके मंजूरी हेतु भेजी जाएगी; ब्यौरा दें?

तटीयकरण एवं बाढ़ से सुरक्षा

***4780 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 की

विधायक प्राथमिकता में आनी खड्ड के तटीयकरण एवं बाढ़ से सुरक्षा हेतु सुरक्षा दीवारों (Flood Protection Works) के निर्माण का मामला सरकार के समक्ष उठाया गया था; यदि हां, तो कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है तथा अब तक प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान न किए जाने अथवा निर्माण कार्य आरंभ न होने के क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार आनी कस्बे को संभावित बाढ़ एवं नदी के कटाव से सुरक्षित रखने हेतु कार्य को इस वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान कर इसका निर्माण कार्य आरंभ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

लाहौल मार्केटिंग यार्ड

***4781 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) लाहौल मार्केटिंग यार्ड/सब्जी मंडी के कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; इस हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था व दिनांक 01.11.2026 तक कितनी व्यय की जा चुकी है; और

(ख) उक्त कार्य कितने चरणों में किया जा रहा है तथा कितने चरणों का कार्य पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा दें?

मेरा परिवार सुखी परिवार योजना

***4782 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मेरा परिवार सुखी परिवार योजना के अंतर्गत कितने परिवारों को किन-किन मापदंडों के आधार पर लिया गया; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

ITI Kanda

***4783 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Town and Country Planning Minister** be pleased to state :-

(a) the total monthly rent currently being paid by the government for running ITI Kanda in Kasauli Assembly Constituency in a private building along with total rent paid during the last three years upto 01.11.2026;

(b) total sanctioned cost for building of ITI Kanda, the expenditure incurred

thereon so far and its present physical status; reason for the delay in completing the project; and

(C) fixed timeline by which the construction of the building will be completed and to shift the institution thereto so as to avoid further recurring expenditure on rent?

पी0डी0एन0ए0

***4784 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक केंद्र सरकार द्वारा पोस्ट-डिजास्टर नीड्स असैसमेंट (पी0डी0एन0ए0) के तहत डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई;

(ख) स्वीकृत धनराशि से विभाग द्वारा कौन-कौन से कार्य करवाए जा रहे हैं; कार्यों का ब्यौरा धनराशि सहित दें; और

(ग) कार्यों को किन-किन ठेकेदारों/एजेंसियों को आबंटित किया गया; ब्यौरा ठेकेदारों/एजेंसियों के नाम एवं कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित दें?

वन अधिकार अधिनियम

***4785 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक वन अधिकार अधिनियम (एफ0आर0ए0) के तहत प्रदेश में कितने लोगों को कितने पट्टे प्रदान किए गए; और

(ख) शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कजलोट एवं जमली गांव में बेघर हुए लोगों को इस अधिनियम के तहत कब तक पट्टे प्रदान कर दिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

उचित मूल्य की दुकानें

***4786 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में उचित मूल्य की कुल कितनी दुकानें संचालित हैं तथा गत छह माह में कितनी दुकानों पर राशन की आपूर्ति निर्धारित समय पर नहीं हुई; जिलावार ब्यौरा

दें;

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में कुल कितने राशन कार्डधारक परिवार हैं तथा उनमें अंत्योदय, प्राथमिकता एवं अन्य श्रेणियों के कितने परिवार शामिल हैं; ब्यौरा पृथक-पृथक जिलावार दें;

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक नए कार्ड बनाने, अपात्र कार्ड निरस्त करने तथा पात्र परिवारों को जोड़ने के कितने आवेदन प्राप्त हुए; ब्यौरा जिलावार दें;

(घ) इस अवधि में राशन की गुणवत्ता, कम मात्रा एवं देरी संबंधी कितनी शिकायतें मिलीं, कितनी जांची गईं तथा कितने डिपो संचालकों पर कार्रवाई हुई; ब्यौरा दें;

(ङ) दाल, खाद्य तेल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की वर्तमान दरें, इस अवधि में मूल्य परिवर्तन तथा महंगाई से राहत हेतु क्या पग उठाए गए; और

(च) खाद्यान्न खरीद, भंडारण एवं वितरण पर हुए व्यय तथा राशन खराब होने, भंडारण की कमी एवं आपूर्ति बाधित होने का जिलावार ब्यौरा दें?

पेयजल आपूर्ति

***4787 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गवालपुर के गांव थरमी में जल शक्ति विभाग का कोई फिटर तैनात नहीं है; यदि हां, तो गांव में पेयजल की सुचारू आपूर्ति एवं पाइपलाइन की खराबी दूर करने हेतु वर्तमान में क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है; और

(ख) इस गांव में फिटर की तैनाती न होने के क्या कारण हैं ; फिटर की नियमित तैनाती होने तक क्या सरकार किसी अन्य कर्मचारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक तथा नियमित फिटर की नियुक्ति कब तक कर दी जाएगी?

नाबार्ड

***4788 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जिला कांगड़ा में नाबार्ड के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी एवं व्यय की गई;

(ख) इस अवधि में जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नाबार्ड सहित विभिन्न विभागों एवं सरकारी योजनाओं के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी एवं व्यय की गई; योजना एवं विभागवार ब्यौरा दें;

(ग) दिनांक 01.11.2026 तक इस निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण, कितने प्रगति पर तथा कितने लंबित हैं; कार्यवार ब्यौरा दें; और

(घ) लंबित कार्यों को पूर्ण करने हेतु सरकार द्वारा क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; ब्यौरा दें?

टारिंग पर व्यय धनराशि

***4789 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2026-27 में दिनांक 01.11.2026 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी किलोमीटर सड़कों की टारिंग का कार्य किया गया तथा कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई धनराशि के तहत किए गए टारिंग के कार्य तथा उन पर व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा पृथक-पृथक दें?

स्टाफ नर्सों की नियुक्ति

***4790 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक सरकार द्वारा राज्य चयन आयोग के माध्यम से कितनी सहायक स्टाफ नर्सों की नियुक्ति की गई;

(ख) क्या इनकी सेवाओं को नियमित करने का प्रावधान किया गया है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) क्या इन नर्सों की अस्थायी भर्ती से संबंधित कोई याचिका माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

केंद्रीय विद्यालय व छात्रावास

***4791 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने भरमौर एवं पांगी में केंद्रीय विद्यालय तथा छात्रावास स्थापित करने हेतु केंद्र को कोई प्रस्ताव भेजा है; यदि हां, तो प्रस्ताव को प्रेषित करने की तिथि व इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; यदि प्रस्ताव नहीं भेजा गया है तो उस हेतु कौन जिम्मेदार है; ब्यौरा दें?

सड़कों हेतु धनराशि

***4792 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक नाबार्ड के अंतर्गत बंजार लोक निर्माण मंडल की कितनी सड़कों हेतु धनराशि स्वीकृत की गई व कितने कार्य पूर्ण व लंबित हैं; सड़कवार ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नाबार्ड से बजट स्वीकृति हेतु लंबित परियोजनाओं का ब्यौरा समयावधि सहित दें?

मुख्य मंत्री खेत संरक्षण योजना

***4793 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) मुख्य मंत्री खेत संरक्षण योजना के अंतर्गत प्रदेश के किसानों को क्या-क्या लाभ प्रदान किए जाते हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इस योजना के तहत प्रदेश के कितने किसान लाभान्वित हुए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

लुहरी पुल

***4794 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर लुहरी पुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो विभाग द्वारा क्या इस पुल का निरीक्षण एवं तकनीकी जांच की गई है तथा जांच रिपोर्ट में क्या निष्कर्ष निकाले गए; और

(ख) यह भी सत्य है कि इस पुल की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण के संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है; यदि हां, तो कारण तथा सरकार इस पुल की मरम्मत/सुदृढ़ीकरण अथवा नए पुल का निर्माण कब तक करवाएगी?

बी0पी0एल0/आई0आर0डी0पी0 परिवारों का चयन

*4795 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में बी0पी0एल0/आई0आर0डी0पी0 परिवारों के चयन हेतु क्या मापदंड निर्धारित किए गए हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि प्रदेश की सभी पंचायतों में बी0पी0एल0/आई0आर0डी0पी0 परिवारों का चयन हो चुका है; चयन होने से पूर्व इन पंचायतों में कितने परिवार बी0पी0एल0/आई0आर0डी0पी0 में शामिल थे तथा वर्तमान में कितने हैं; पंचायतवार ब्यौरा दें

स्ट्रीट वेंडर्स नीति

*4796 **श्री विनोद सुल्तानपुरी (कसौली):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में पंजीकृत रेहड़ी-फड़ी धारकों का सर्वेक्षण एवं सत्यापन करवाया गया है, जिसमें बोनाफाइड हिमाचली निवासियों तथा स्वयं व्यवसाय करने वालों की संख्या का पता लगाया जा सके ; यदि हां, तो सरकार प्रचलित रेहड़ी-फड़ी लाइसेंस एवं निर्धारित वेंडिंग स्थलों के आबंटन में हिमाचल प्रदेश के बोनाफाइड निवासियों को प्राथमिकता देने का विचार रखती है;

(ख) क्या सरकार लाइसेंस एवं आबंटित स्थानों को बेचने, हस्तांतरित करने, किराये अथवा उप-किराये पर देने पर प्रतिबंध लगाने व लाइसेंस एवं आबंटित स्थान सीधे पात्र व्यक्ति के नाम पर करने तथा व्यवसाय उसी द्वारा संचालित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) क्या सरकार सार्वजनिक भूमि पर वेंडिंग अवसरों का लाभ स्थानीय हिमाचलियों को देने हेतु विशेष पात्रता शर्तें निर्धारित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

बंद बस रूट

***4797 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हिमाचल पथ परिवहन निगम के कितने बस रूट बंद पड़े हैं; प्रत्येक रूट का नाम, बंद होने की तिथि तथा कारण सहित ब्यौरा दें; बंद रूटों को कब तक पुनः बहाल कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

डम्पिंग साइट

***4798 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सुधेड़ की डम्पिंग साइट को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

मादक पदार्थों की रोकथाम

***4799 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चिट्टे व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी एवं सेवन की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए;

(ख) इस अवधि में मादक पदार्थों के कितने मामले दर्ज हुए, कितने आरोपी गिरफ्तार किए गए तथा कितनों के चालान न्यायालय में प्रस्तुत किए गए;

(ग) जागरूकता अभियानों के अतिरिक्त, तस्करों की पहचान, आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने, गश्त बढ़ाने तथा युवाओं को बचाने हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है; और

(घ) क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र में नशे की रोकथाम हेतु विशेष पुलिस अभियान तथा नियमित समीक्षा व्यवस्था लागू करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

सिंचाई योजनाएं

***4800 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति

विभाग द्वारा विभिन्न सिंचाई योजनाएं (LIS/FIS) संचालित की जा रही हैं; यदि हां, तो कितनी योजनाएं स्थापित / निर्मित हैं तथा प्रत्येक योजना ने कब-कब से कार्य करना आरम्भ किया; योजनावार ब्यौरा दें;

(ख) प्रत्येक सिंचाई योजना की स्वीकृत लागत, जारी धनराशि एवं वास्तविक व्यय कितना है;

(ग) इनमें से कितनी सिंचाई योजनाएं पूर्णतः क्रियाशील, आंशिक रूप से क्रियाशील तथा पूर्णतः बंद हैं; बंद योजनाओं के नाम एवं बंद होने की तिथि सहित ब्यौरा पृथक-पृथक दें; और

(घ) सिंचाई योजनाओं के बंद होने के क्या कारण हैं; उन्हें पुनः चालू करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए तथा प्रत्येक बंद योजना को पुनः चालू करने की समय-सीमा क्या है; ब्यौरा दें?

स्वीकृत/रिक्त पद

***4801 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नागरिक अस्पताल जोगिन्द्रनगर में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं; दिनांक 01.11.2026 तक इस अस्पताल में कितने चिकित्सक कार्यरत हैं तथा कितने पद कब से रिक्त हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा;

(ख) यह सत्य है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंतड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर के ही पद स्वीकृत हैं; यदि हां, तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दर्जे के अनुरूप आवश्यक पदों के सृजन एवं स्वीकृति तथा इनमें स्टाफ की नियुक्ति करने का विचार रखती है; यदि हां, तो यह नियुक्तियां कब तक कर दी जाएंगी; और

(ग) नागरिक अस्पताल लडभड़ोल में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं; वर्तमान में कितने चिकित्सक कार्यरत हैं तथा कितने पद कब से रिक्त हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा?

सी0बी0एस0ई0

***4802 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के सी0बी0एस0ई0 तथा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सरकारी विद्यालयों, उत्कृष्ट विद्यालयों में विषयवार प्रवक्ताओं के कितने पद सृजित, भरे व रिक्त हैं तथा संविदा अथवा निश्चित अवधि के

आधार पर कितने शिक्षक नियुक्त किए गए; इनकी विषयवार शैक्षणिक योग्यताओं सहित ब्यौरा दें;

(ख) क्या इन शिक्षकों की नियुक्तियां प्रदेश के प्रचलित भर्ती एवं पदोन्नति नियमों, एन0सी0टी0ई0 विनियमों तथा सी0बी0एस0ई0 संबद्धता संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप की गई हैं; यदि हां, तो लागू कानूनी एवं प्रशासनिक प्रावधानों, सरकारी अधिसूचनाओं, भर्ती प्रक्रिया एवं सेवा शर्तों का ब्यौरा दें;

(ग) क्या सरकार इन शिक्षकों को दो वर्ष की सेवा अवधि के उपरांत नियमित करने अथवा नियमित पदों पर समायोजित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(घ) क्या इनको वर्षभर वेतन, चिकित्सा, अर्जित एवं विशेष अवकाश की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं; यदि नहीं, तो कब तक प्रदान की जाएंगी; और

(ङ) क्या इन नियुक्तियों की वैधानिकता के संबंध में सरकार द्वारा विधिक राय प्राप्त की गई है अथवा इस संबंध में कोई याचिका माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

बिजली की समस्या

***4803 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में कितने ट्रांसफार्मर खराब अथवा बंद हैं तथा कितने गांवों में निर्धारित अवधि से अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है; और

(ख) दिनांक 01.01 2026 से 01.11.2026 तक इन क्षेत्रों में विद्युत व्यवधान की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं तथा कितने ट्रांसफार्मर बदले गए; शेष खराब/बंद ट्रांसफार्मरों को बदलने की समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

यू0जी0सी0 की सिफारिशें

***4804 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0जी0सी0) द्वारा 7वें वेतनमान की सिफारिशें लागू किए जाने के पश्चात प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को मिलने वाले पदोन्नति व वित्तीय लाभों को रोक दिया गया है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) क्या सरकार विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को लंबित पदोन्नतियों तथा वित्तीय लाभों को पुनः प्रदान करने के मामले पर विचार करेगी; यदि हां, तो कब तक?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

11 नवम्बर, 2026. **सचिव**